संक्षिप्त

निवाई में मतगणना स्थल पर उमड़ा जनसैलाब

निवाई। नगर पालिका के चुनावी नतीजों को लेकर सोमवार को कृषि उपज मंडी समिति कार्यालय परिसर में रिटर्निंग ऑफिसर गंभीर सिंह के सानिध्य एवं कुशल मार्गदर्शन में सुबह 8 बजे से मतगणना का आयोजन किया गया। सुबह से ही नतीजों को जानने के लिए शहरवासियों, मतदाताओं एवं विभिन्न राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह रहा। जैसे-जैसे मतगणना का समय नजदीक आया, कृषि उपज मंडी समिति कार्यालय के बाहर अपने-अपने प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला सुनने के लिए सैकड़ों की तादाद में लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। देखते ही देखते बाहर मौजूद जनसमूह बेकाबू होने लगा और मुख्य द्वार की तरफ बढने का प्रयास करने लगा।

गुर्जर प्रतिभा सम्मान समारोह आज

निवाई। देवधाम जोधपुरिया में गुर्जर प्रतिभा विकास समिति राजस्थान एवं श्री देवनारायण मंदिर ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में 15 सितंबर को 14वां राज्य स्तरीय गुर्जर प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन तीन दिवसीय वार्षिक लक्खी मेले के प्रथम दिवस पर प्रात: 11 बजे से प्रारंभ होगा। प्रतिभा विकास समिति के संयोजक प्रधानाचार्य सुरेशचंद गुर्जर ने बताया कि समारोह में कक्षा 10वीं व 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में 90 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले गुर्जर समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं, राजपत्रित अधिकारी, राजस्थान प्रशासनिक सेवा, असिस्टेंट प्रोफेसर, व्याख्याता, नीट में चयनित अभ्यर्थी व प्रमुख भामाशाह सहित कुल 551 प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा।

गणेश चतुर्थी पर झांकी सजाई

दूदू । नगर पालिका मुख्यालय पर स्थित गणेश मंदिर में गणेश चतुर्थी के अवसर पर जन्मोत्सव विशाल झांकी सजाई जाकर धूमधाम से मनाया गया इस अवसर पर पूर्व संध्या को भजन कीर्तन का आयोजन भी किया गया पश्चात सोमवार की सुबह मंगल आरती के साथ पंचामृत से अभिषेक कराया जाकर भोग लगाया गया महा आरती पंडित महेश चंद्र शर्मा द्वारा की गई पश्चात भक्तजनों की भीड़ पूजा अर्चना के लिए लगी रही भक्तजनों द्वारा बेसन के मोदक का भोग लगाकर पूजा अर्चना की गई ।

ध्वज पूजन कार्यक्रम आयोजित

बौंली- बामनवास। शास्त्रीय नवरात्र के दौरान प्रतिवर्ष होने वाले रामलीला मंचन कार्यक्रम को लेकर राम कला मंडल बौंली के सभी सदस्यों एवं पदाधिकारी की भोलेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक केदौरान उपस्थित सभी सदस्यों को रामलीला मंचन में सहयोग को लेकर शपथ ग्रहण एवं ध्वज पूजन किया।

शोक संदेश

हमारी पूजनीय माताजी **श्रीमती भगवती देवी** धर्मपत्नी स्व. श्री गिरधारीजी मायछ का स्वर्गवास 14. 09.2026 को हो गया है।

शोकाकुल विनोद (देवर), संजय, मनीमा (पुत्र) एवं समस्त मायछ परिवार

नाम परिवर्तन

मैं, कान्ता मुलानी , कुछ स्थानों पर मेरा नाम कान्ता अशोक अंकित हो गया है। मेरा वास्तविक एवं सही नाम कान्ता मुलानी है। भविष्य में मुझे कान्ता मुलानी पत्नी श्री अशोक मुलानी, निवासी 318, विनोबा विहार, मॉडल टाउन, मालवीय नगर, जयपुर,के नाम से ही जाना एवं पहचाना जाए।

I,Manish Singh S/o Sriram Chauhan resident of Sushant City-1,Kalwar Road,Jaipur do hereby declare that I have changed my Son's name from Dhairyaman to Dhairyaman Singh and henceforth he shall be known as Dhairyaman Singh in all purpose, vide affidavit dated 12 Sep 2026.

नम्बर मिलाइए 8890333139

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

भरतपुर जिले में नगरीय निकाय के 235 वार्डों में से भाजपा के 66, निर्दलीय 152 प्रत्याशी विजयी

कांग्रेस के 15, बसपा का एक आरएलपी का एक प्रत्याशी विजयी

भरतपुर में नगर निगम चुनाव परिणाम के बाद विजयी कांग्रेस उम्मीदवार मीनू डागुर को रिटर्निंग अधिकारी रिछपाल सिंह बुरड़क ने प्रमाण पत्र देकर शपथ दिलवाई।

भरतपुर । नगरीय निकाय आम चुनाव 2026 की मतगणना संबन्धित निकाय मुख्यालयों पर बनाए गए मतगणना केन्द्रों पर सम्पन्न हुई। जिले में निकाय चुनावों के 235 वार्डों में भाजपा प्रत्याशी 66 वार्डों में, कॉंग्रेस प्रत्याशी 14 वार्डों में, बसपा एवं आरएलपी के प्रत्याशी एक-एक वार्ड में विजयी हुए। जिला निर्वाचन अधिकारी कमर चौधरी ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों की पालना करते हुए सभी निकायों के मतों की गणना शांतिपूर्ण सम्पन्न हुई।

भरतपुर नगर निगम के 65 वार्डों के चुनाव परिणाम घोषित हो गए हैं। प्राप्त परिणामों के अनुसार नगर निगम में निर्दलीय उम्मीदवारों ने सर्वाधिक 36 वार्डों में जीत दर्ज की है। वहीं भारतीय जनता पार्टी के 20, कांग्रेस के 7, बहुजन समाज पार्टी के 1 तथा राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के 1 उम्मीदवार विजयी रहे हैं।

वार्ड संख्या 1 से करन सिंह निर्दलीय, 2 से अम्बिका सैनी निर्दलीय, 3 से आकाश निराला निर्दलीय, 4 से अरविन्द निर्दलीय, 5 से गजेन्द्र कुमार कांग्रेस, 6 से कमलेश निर्दलीय, 7 से कुंदन निर्दलीय, 8 से जीतेंद्र सिंह भाजपा, 9 से कमलेश निर्दलीय, 10 से अमरनाथ निर्दलीय, 11 से तेजराम निर्दलीय, 12 से सुधा शर्मा भाजपा, 13 से ओमप्रकाश कांग्रेस, 14 से अर्जुनसिंह निर्दलीय विजयी रहे। इसी प्रकार वार्ड संख्या 15 बरफी निर्दलीय, 16 से मोतीसिंह बसपा, 17 विचित्रा से निर्दलीय, 18 से मीनू कांग्रेस, 19 से मनोज सिंह भाजपा, 20 से पूनम निर्दलीय, 21 से गोपाल आरएलपी, 22 से नीतूसिंह भाजपा, 23 से किरन भाजपा, 24 से राजेन्द्र कुमार निर्दलीय तथा वार्ड संख्या 25 से आरती निर्दलीय विजयी हुए है।

इसी प्रकार वार्ड संख्या 26 से वीरमती निर्दलीय, 27 से लोकेश निर्दलीय, 28 से नीलम भाजपा, 29 से राजवीर भाजपा, 30 से राजकुमार निर्दलीय, 31 से भास्कर निर्दलीय, 32 से सुलेशा भाजपा, 33 से जयप्रकाश शर्मा कांग्रेस तथा वार्ड संख्या 34 वंदना निर्दलीय विजयी रहे। इसी प्रकार वार्ड संख्या 35 से राकेश कांग्रेस, 36 से किरणदेवी निर्दलीय, 37 से अमरसिंह निर्दलीय, 38 से धीरजकुमार निर्दलीय, 39 से जगदीश निर्दलीय, 40 से रीना भाजपा, 41 से योगेश्वरी भाजपा, 42 से रूपेंद्रसिंह भाजपा, 43 से प्रेमपाल भाजपा, विजयी हुए हैं।

- परिणामों के अनुसार नगर निगम में निर्दलीय उम्मीदवारों ने सर्वाधिक 36 वार्डों में जीत दर्ज की

इसी प्रकार वार्ड संख्या 51 से सुशीला शर्मा भाजपा, 52 से रीना कुमारी निर्दलीय, 53 से जयश्री निर्दलीय, 54 से हरेंद्र भाजपा, 55 से दयानन्द पचौरी कांग्रेस, 56 से कल्पेश निर्दलीय, 57 से देवेंद्रसिंह भाजपा विजयी रहे। इसी प्रकार वार्ड संख्या 58 से निशा अग्रवाल भाजपा, 59 से आरती निर्दलीय, 60 से जितेंद्र निर्दलीय, 61 से अनुराधा सिंह भाजपा, 62 से जगदीश सिंह भाजपा, 63 से सुनीता निर्दलीय, 64 से रामेश्वर सिंह निर्दलीय तथा वार्ड संख्या 65 से जनार्दन सिंह निर्दलीय विजयी हुए हैं।

नासिरदा में नशे के खिलाफ रैली निकाली

टोंक। जिले में स्मैक और एमडी ड्रग्स के अवैध कारोबार और युवाओं में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति के विरोध में सोमवार देर सायकाल को नासिरदा क्षेत्र के युवा और ग्रामीण सड़कों पर उतर आए। हाथों में नशा मुक्ति के पोस्टर लेकर लोगों ने जागरूकता रैली निकाली और नशे के खिलाफ जोरदार नारे लगाते हुए आमजन को जागरूक किया। यह जागरूकता रैली भगवान लक्ष्मीनाथ मंदिर से शुरू होकर शशि बस्ती से होते हुए मुख्य बाजार पहुंची और वहां से पुलिस थाने पहुंची।

इस दौरान युवाओं और ग्रामीणों ने ॓नशा हटाओ, युवा बचाओ॓ सहित नशे के खिलाफ विभिन्न नारे लगाए। शाम करीब 6 बजे रैली के थाने पहुंचने के बाद लोगों ने नारेबाजी करते हुए थाना परिसर में करीब आधे घंटे तक धरना देकर प्रदर्शन किया। इसके बाद ग्रामीणों एवं युवाओं ने थानाधिकारी रोडूराम को सामूहिक रूप से ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से क्षेत्र में नशे के अवैध कारोबार पर त्वरित और प्रभावी कार्यवाही करने की मांग की गई।

सांभर में स्पष्ट बहुमत नहीं मिलने से भाजपा-कांग्रेस धर्म संकट में फंसी

25 वार्डों में भाजपा को 11 व कांग्रेस को 10 सीटों पर विजय मिली

सांभरझील। यहां नगरपालिका सांभर में पार्षद पदों के चुनाव परिणाम ने भारतीय जनता पार्टी और इंडियन नेशनल कांग्रेस दोनों ही दलों को धर्म संकट में डाल दिया है। सांभर के 25 वार्डों में भाजपा को 11 कांग्रेस को 10 सीटों पर ही विजय मिल पाई। इनमें से एक सीट पर बहुजन समाज पार्टी व तीन पर निर्देलियों ने बाजी मारी। यानी भाजपा बहुमत से दो और कांग्रेस तीन सीट से पिछड़ गई।

बोर्ड बनाने के लिए दोनों ही दलों को अब निर्दलीयों पर ही निर्भर रहना होगा। खास बात यह है कि निर्दलीयों में से बताया जा रहा है कि दो ऐसे पार्षद हैं जो भाजपा के बागी होकर चुनावी मैदान में उतरे थे जिनको जीत मिली। कुल मिलाकर भाजपा को अपना बोर्ड बनाने में जितनी चुनौती है उससे कहीं ज्यादा कठिन चुनौती अब कांग्रेस के सामने खड़ी हो गई है। आगामी 21 तारीख को चैयरमेन के चुनाव होंगे, इससे पहले ही भाजपा और कांग्रेस प्रदेश संगठन अपनी अपनी व्यवस्था बैठाने में लग गए हैं।

चैयरमेन पद के लिए दावेदारों का आउट ऑफ कंट्रोल प्रदेश संगठन के लिए रोकना और किसी एक को संतुष्ट कर नामांकन दाखिल करवाना किसी अग्नि परीक्षा से कम नहीं होगा। अब देखना यह है कि संगठन इस रणनीति में सफल होता है या क्रॉस वोटिंग का खेल तो नहीं हो जाएगा यह भी चर्चा कम नहीं चल रही है। बता दें कि भाजपा के मंडल अध्यक्ष पद पर पहली दफा कमान संभालने वाले पवन कुमार मोदी ने इस्तीफा देकर पार्षद पद का चुनाव लड़ा और उन्हें सफलता नसीब हुई, तो दूसरी तरफ नगर कांग्रेस अध्यक्ष पद से इस्तीफा देकर चुनाव लड़ने वाले कमल किशोर शुक्ला चुनावी जंग में हार गए। पूर्व विधायक निर्मल कुमावत के भांजे अशोक कुमावत जो की चार्टर्ड अकाउंटेंट भी हैं चुनाव जीतकर अपना वर्चस्व साबित कर दिखाया।

पिछली दफा निर्दलीय चुनाव जीतने वाली पार्षद सुशीला शर्मा को इस बार भाजपा ने टिकट दिया लेकिन वह चुनाव नहीं जीत सकी।और राधा देवी सिंघानिया जिन्होंने बीजेपी का टिकट मांगा था नहीं मिलने पर निर्देलीय चुनावी मैदान में उतरी और अपना दमखम दिखा दिया। वार्ड 17 से भाजपा के दिव्य राजवीर गुर्जर, भाजपा के बागी पूर्व पार्षद विजय प्रजापति बागी विनोद मालाकार चुनाव हार गए और तीनों ही एडवोकेट है।

गणपति बप्पा के जयकारों से गूंजा पावटा

पावटा। गणेश चतुर्थी के पावन पर्व पर पावटा कस्बा गणपति भक्ति में रंगा नजर आया। प्राचीन गणेश मंदिर में महंत रामचंद्र शर्मा के सान्निध्य व विनायक कमेटी के तत्वाधान में गणेश चतुर्थी महोत्सव का भव्य शुभारंभ धार्मिक परंपराओं और उत्साह के साथ प्रारंभ हुआ। महोत्सव की शुरुआत रविवार सुबह 7:30 बजे मेहंदी रस्म के साथ हुई। मेहंदी रस्म के दौरान श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और मंदिर परिसर में भक्ति एवं उल्लास का वातावरण देखने को मिला। इसके बाद पंडित मनोज शास्त्री द्वारा विधि विधान से सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक पंचामृत अभिषेक एवं विशेष पूजन एवं भगवान गणेश का अभिषेक एवं पूजन कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की गई। मंदिर परिसर में दिनभर श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी रही। महोत्सव का मुख्य आकर्षण दोपहर 3 बजे निकली भव्य शोभायात्रा रही। गाजे-बाजे और धार्मिक जयकारों के बीच निकली शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

दौसा में सभापति की चाबी निर्दलीयों के हाथ

दौसा। जिला एवं पुलिस प्रशासन की कड़ी सुरक्षा के बीच सोमवार को स्थानीय पं. नवलकिशोर शर्मा दौसा नगर परिषद के 55 वार्डों के मतों की गणना की गई। मतगणना के बाद 55 में से 24 कांग्रेस, 17 भाजपा व 14 पर निर्दलीय चुनाव जीतकर आये है। इधर परिणाम घोषित होने के साथ ही भाजपा व कांग्रेस निर्दलीय प्रत्याशियों को लुभाने एवं बाड़ाबंदी में ले जाने के लिए सक्रिय हो गई है। भाजपा व कांग्रेस को स्पष्ट बहुमत नही मिल पाने के कारण सभापति के भाग्य की चाबी निर्दलियों के हाथ रहेगी।

- कांग्रेस 24, भाजपा 17 व निर्दलीय 14 पर जीते

जीत के बाद जश्न मनाते हुये।

उल्लेखनीय है सोमवार को नगर परिषद के 55 के अंतिम नतीजे घोषित कर दिए गए। घोषित परिणामों में कांग्रेस सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है, हालांकि किसी भी दल को स्पष्ट बहुमत जादुई आंकड़ा 28 हासिल नहीं हुआ है।

कुल 55 वार्डों में कांग्रेस ने 24, भाजपा ने 17 और निर्दलीय प्रत्याशियों ने 14 वार्डों पर परचम लहराया है। सभापति की कुर्सी तक पहुँचने के लिए कांग्रेस को केवल 4 और भाजपा को 11 पार्षदों के समर्थन की आवश्यकता है। ऐसे में बोर्ड गठन का पूरा दारोमदार 14 निर्दलीय पार्षदों के रुख पर टिक गया है।

फुलेरा में भाजपा ने 12 वार्डों में जीत दर्ज की

फुलेरा। स्थानीय नगरपालिका के पार्षद पद हेतु 9 सितम्बर को हुए मतदान के बाद सोमवार को नगरपालिका कार्यालय में चुनाव अधिकारी अभिषेक सिंह के सानिध्य में मतगणना हुई। सभी 25 वार्डों की मतगणना के बाद भारतीय जनता पार्टी ने 12, कांग्रेस ने 7 तथा निर्दलीय प्रत्याशियों ने 6 वार्डों में जीत दर्ज की। परिणाम सामने आने के बाद भाजपा के बोर्ड गठन की संभावना बढ़ गई है।

मतगणना में निर्दलीय प्रत्याशियों में वार्ड संख्या 1 से ताराचंद, वार्ड 7 से सुगना वर्मा, वार्ड 8 से सुरेंद्र कुमार स्वामी, वार्ड 9 से डॉ. पुखराज स्वामी, वार्ड 17 से अजय छाबड़ा तथा वार्ड 20 से रेणु देवी विजयी रहीं।

वहीं, भाजपा प्रत्याशियों में वार्ड संख्या 2 से मुकेश गहनोलिया, वार्ड 3 से मीनाक्षी शर्मा, वार्ड 4 से आशा सैनी, वार्ड 5 से पवन कुमावत, वार्ड 10 से गजेंद्र सिंह शेखावत, वार्ड 11 से प्रभु दयाल कुमावत, 12से सरदार सिह वार्ड 14 से शिवानी सिंह, वार्ड 16 से किरण पारीक, वार्ड 18 से मीना वर्मा, वार्ड 24 से राजू दाधीच तथा वार्ड 25 से सुरेश मिश्रा विजयी रहे। कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशियों में वार्ड संख्या 6 से प्रितेश वर्मा, वार्ड 13 से सूरज घारू, वार्ड 15 से आशिया, वार्ड 18 से दिलीप गुर्जर, वार्ड 19 से अब्दुल लतीफ कुरैशी , वार्ड 22 से दिलीप कुमार कटारिया तथा वार्ड 23 से गिरधारी लाल ने जीत हासिल की।

- 25 वार्डों की मतगणना के बाद भारतीय जनता पार्टी ने 12, कांग्रेस ने 7 तथा निर्दलीय प्रत्याशियों ने 6 वार्डों में जीत दर्ज की

लालसोट में कांग्रेस ने 35 वार्डों में से 18 वार्डों में जीत हासिल की

5 निर्दलीयों के हाथ सत्ता की चाबी

वार्ड नंबर 7 से कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में जीत दर्ज जश्न मनाया।

लालसोट। नगर परिषद लालसोट के आम चुनाव 2026 में जनता ने ऐसा जनादेश दिया है, जिसने शहर की सियासत का पूरा समीकरण हिला दिया। 35 वार्डों के चुनावी रण में कांग्रेस ने 18 सीटों पर कब्जा जमाकर भाजपा को साफ तौर पर पछाड़ दिया। भाजपा 12 वार्डों तक सिमट गई, जबकि 5 निर्दलीयों ने जीत दर्ज कर अब सत्ता के गणित को पेचीदा बना दिया है।

कांग्रेस का आंकड़ा भाजपा से 6 सीट ज्यादा है। ऐसे में परिणाम सामने आते ही कांग्रेस खेमे में उत्साह और भाजपा खेमे में मंथन का दौर शुरू हो गया है। अब निगाहें सिर्फ पार्षदों की जीत पर नहीं, बल्कि नगर परिषद की सत्ता और सभापति की कुर्सी पर टिक गई हैं।

वार्ड नंबर 7 से संतोष स्वामी ने कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में जीत दर्ज की है। उनकी जीत कांग्रेस के 18 सीटों वाले आंकड़े का हिस्सा है। उन्हें निर्दलीय मानना चुनाव परिणाम की तस्वीर को गलत तरीके से पेश करना होगा।

वार्ड नंबर 31 में कांग्रेस प्रत्याशी अमित कुमार शर्मा ने जोरदार जीत दर्ज कर कांग्रेस के खाते को मजबूत किया। निर्वाचन अधिकारी के परिणाम पत्र के अनुसार अमित कुमार शर्मा को 381 वोट मिले और उन्होंने 268 वोट के बड़े अंतर से जीत हासिल की।

- 12 पर सिमटी भाजपा

वार्ड 29 में कांग्रेस के विनोद कुमार बाकोलिया ने 138 वोट के अंतर से बाजी मारी, जबकि वार्ड 33 में कांग्रेस प्रत्याशी कपिल ने महज 2 वोट से जीत दर्ज कर मुकाबले की जबरदस्त नजदीकी दिखा दी।

भाजपा के खाते में 12 सीटें आई हैं, लेकिन कांग्रेस के 18 वार्डों तक पहुंचने ने भाजपा की चुनावी रणनीति पर सवाल खड़े कर दिए हैं। अब भाजपा के सामने सिर्फ हार का विश्लेषण करने की चुनौती नहीं, बल्कि आने वाले बोर्ड में अपनी राजनीतिक भूमिका मजबूत रखने की चुनौती भी है।

कांग्रेस के 18 और भाजपा के 12 पार्षदों के बीच 5 निर्दलीय पार्षद अब सबसे अहम मोहरे बन गए हैं। बोर्ड गठन के समय इनका रुख बेहद महत्वपूर्ण हो सकता है। यही पांच पार्षद सत्ता के पक्ष में खड़े होते हैं तो तस्वीर बदल सकती है और विपक्ष के साथ जाते हैं तो समीकरण अलग करवट ले सकते हैं। जनता ने पार्षद चुन दिए, लेकिन लालसोट की असली सियासी परीक्षा अब शुरू हुई है। कांग्रेस सबसे बड़ा दल है और उसके पास 18 पार्षद हैं। भाजपा के पास 12 और निर्दलीयों के पास 5 का आंकड़ा है।

हिंदी दिवस पर विद्यार्थियों ने प्रतियोगिताओं में दिखाई प्रतिभा

स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत
शा.उ. प्रा. वि. सिरोही
शिक्षा ही जीवन का आधार है
प्रेरणा
पढ़ो बढ़ो आगे बढ़ो

टोंक। दतवास राजकीय महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय चुराड़ा में हिंदी दिवस हर्षोल्लास और गरिमा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण से हुई। इस दौरान विद्यार्थियों में हिंदी भाषा के प्रति रुचि और गौरव की भावना बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न साहित्यिक एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं।विद्यालय में कक्षा 3 से 9वीं तक के विद्यार्थियों ने निबंध लेखन, वाद-विवाद, कविता पाठ, नारा लेखन और भाषण प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता और प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए हिंदी भाषा के महत्व को प्रस्तुत किया। प्रधानाचार्य अनिल कुमार शर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए हिंदी भाषा के ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डाला।

संक्षिप्त

ध्वज पूजन कार्यक्रम आयोजित

बौंली- बामनवास। शास्त्रीय नवरात्र के दौरान प्रतिवर्ष होने वाले रामलीला मंचन कार्यक्रम को लेकर राम कला मंडल बौंली के सभी सदस्यों एवं पदाधिकारी की भोलेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक केदौरान उपस्थित सभी सदस्यों को रामलीला मंचन में सहयोग को लेकर शपथ ग्रहण एवं ध्वज पूजन किया। रामलीला का मंचन 8 अक्टूबर से प्रारंभ होगा।

हिंदी भाषा के महत्व की दी जानकारी

निवाई। राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय सरसड़ी रामपुरा में अध्यापक सत्यनारायण प्रजापति के सानिध्य में हिंदी दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। अध्यापक प्रजापति ने विद्यार्थियों को हिंदी भाषा के महत्व की जानकारी देते हुए कहा कि हिंदी एक समृद्ध एवं सरल भाषा है, जिसने अपनी विविधता और व्यापकता के माध्यम से सम्पूर्ण विश्व को अपने से जोड़ा है। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने हिंदी भाषा में कविता एवं कहानियां प्रस्तुत कीं तथा आपस में हिंदी में संवाद किया। विद्यार्थियों में हिंदी के प्रति रुचि बढ़ाने के उद्देश्य से सुंदर लेख एवं श्रुतिलेख प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान विद्यालय का वातावरण हिंदीमय नजर आया और विद्यार्थियों ने हिंदी भाषा के प्रति प्रेम एवं उत्साह का परिचय दिया।

भांडारेज नगरपालिका में भाजपा का बोर्ड

दौसा (निसं.)। नगरपालिका भांडारेज के पहले आम चुनाव के परिणाम सोमवार को घोषित होने के साथ ही नगर पालिका में भाजपा का बोर्ड बनना तय हो गया है। नगरपालिका के कुल 25 वार्डों में हुए चुनाव में भाजपा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 13 वार्डों में जीत दर्ज की है। वहीं कांग्रेस पार्टी को महज 3 सीटों पर ही संतोष करना पड़ा, जबकि 9 वार्डों में निर्दलीय प्रत्याशियों ने जीत हासिल कर अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई है। चुनाव परिणाम सामने आने के बाद भाजपा समर्थकों में उत्साह का माहौल है। 25 वार्डों में से 13 सीटों पर भाजपा प्रत्याशियों की जीत होने से भाजपा को स्पष्ट बहुमत मिला है और नगरपालिका में भाजपा का बोर्ड बनना तय हो गया है। वहीं कांग्रेस के कमजोर प्रदर्शन और निर्दलीय प्रत्याशियों के बेहतर प्रदर्शन ने चुनाव परिणाम को काफी चर्चित बना दिया है। निर्दलीयों ने भी छोड़ी मजबूत छाप भांडारेज नगरपालिका चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशियों ने भी अपनी ताकत का एहसास कराया। कुल 9 वार्डों में निर्दलीय प्रत्याशी विजयी रहे। चुनाव से पहले भाजपा और कांग्रेस के बीच सीधा मुकाबला माना जा रहा था, लेकिन कई वार्डों में निर्दलीय प्रत्याशियों के मैदान में उतरने से मुकाबला त्रिकोणीय हो गया। परिणाम में निर्दलीयों ने 9 सीटें जीतकर दोनों प्रमुख दलों के समीकरणों को प्रभावित किया। भांडारेज नगरपालिका सिकराय विधायक विक्रम बंशीवाल के क्षेत्र में आती है। नगरपालिका चुनाव में भाजपा को मिली 13 सीटों की जीत को विधायक विक्रम बंशीवाल के क्षेत्र में पार्टी की महत्वपूर्ण सफलता के रूप में देखा जा रहा है। चुनाव प्रचार के दौरान भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने वार्ड स्तर पर लगातार संपर्क कर मतदाताओं से पार्टी प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान की अपील की थी।

राजस्थान आवासन मण्डल,
वृत्त-प्रथम, प्रताप नगर, जयपुर

क्रमांक :- 3581 दिनांक :- 01/09/2026

जाहिर आम-सूचना राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर, सांगानेर योजना में आवास संख्या 50/412 (MIG-A), (एरिया 90.00 वर्गमीटर) प्रताप नगर, सांगानेर का आवंटन कुमारी विभा वधवा पुत्री स्व. श्री सुख दयाल वधवा को किया जाकर आवंटन पत्र क्रमांक 4189 दिनांक 20.11.1992 को जारी किया गया। श्री राम बहाल यादव पुत्र श्री राम हरक यादव के पक्ष में उक्त आवास का नियमितिकरण पत्र क्रमांक 1282 दिनांक 20.09.2005 के द्वारा किया गया। श्री राम बहाल यादव के पक्ष में उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्र दिनांक 07.08.2007 को उप पंजीयक-चतुर्थ, जयपुर के यहां पंजीकृत करवाये गये। श्री राम बहाल यादव द्वारा श्री गिरिराज शर्मा पुत्र श्री प्रहलाद शर्मा को दिनांक 20. 08.2007 को मुख्त्यारनामा आम धारक नियुक्त किया गया। श्री गिरिराज शर्मा द्वारा मुख्त्यारनामा आम की हैसियत से उक्त आवास को दिनांक 22.07.2008 के द्वारा श्रीमती नैना देवी पत्नी श्री नानगराम शर्मा को विक्रय कर उप पंजीयक सांगानेर-प्रथम, जयपुर के यहां विक्रय पत्र पंजीकृत करवाया गया। श्रीमती नैना देवी द्वारा उक्त आवास को दिनांक 09.02.2009 के द्वारा श्री पुरुषोत्तम गुप्ता पुत्र श्री किरोड़ी मल गुप्ता को विक्रय कर उप पंजीयक सांगानेर-प्रथम, जयपुर के यहां विक्रय पत्र का पंजीकृत करवाया गया। श्री पुरुषोत्तम गुप्ता के आवेदन पर कार्यालय आदेश क्रमांक 74 दिनांक 29.04.2009 द्वारा नाम दर्ज किया गया। श्री पुरुषोत्तम गुप्ता द्वारा श्रीमती उषा गर्ग पत्नी श्री मनोज कुमार को दिनांक 14.03.2022 को मुख्त्यारनामा आम धारक नियुक्त किया गया। श्रीमती उषा गर्ग द्वारा मुख्त्यारनामा आम की हैसियत से उक्त आवास को दिनांक 14.03.2022 के द्वारा श्रीमती प्रीति गर्ग पत्नी श्री ललितेश कुमार गर्ग को विक्रय कर उप पंजीयक जयपुर-चतुर्थ के यहां विक्रय पत्र पंजीकृत करवाया गया। क्रेता / क्रेती प्रीति गर्ग पत्नी श्री ललितेश कुमार गर्ग द्वारा आवासन मण्डल मे उक्त आवास के रिकॉर्ड मे अपना नाम दर्ज कराने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति / पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो अद्योहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय मे 7 दिवस मे अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड मे नाम दर्ज करने मे किसी को कोई आपत्ति नही है, श्रीमती प्रीति गर्ग पत्नी श्री ललितेश कुमार गर्ग का नाम मण्डल रिकॉर्ड मे दर्ज कर दिया जावेगा।

सम्पदा प्रबन्धक, वृत्त-प्रथम, राज.आवा.मण्डल, जयपुर

उत्तर पश्चिम रेलवे

ई-निविदा सूचना

मण्डल रेल प्रबन्धक (बिजली), उत्तर-पश्चिम रेलवे, अजमेर द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से नीचे दिये गये कार्य के लिये दी गई तिथि को 15.00 बजे तक ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैं। **निविदा संख्या:** मं.रे.प्र.(बि.) – 24-26-27, **कार्य का नाम:** All Div.: Marwar jn.- Provision of 01 lift at MJ (NSG-3) station service building with Annual maintenance contract for 10 years, **अनुमानित लागत:** ₹2684074/-, **बयाना राशि:** ₹53700/-, **ई-निविदायें बन्द होने की तिथि:** 29.09.2026, **निविदा संख्या:** मं.रे.प्र.(बि.) – 25-26-27, **कार्य का नाम:** All Div.: Replacement of transformers on age cum condition basis at 'A' point in Diesel Shed, Aburoad, **अनुमानित लागत:** ₹7706954/-, **बयाना राशि:** ₹154100/-, **ई-निविदायें बन्द होने की तिथि:** 05.10.2026, उपरोक्त ई-निविदा की विस्तृत जानकारी के लिये वैबसाइट का पता : www.ireps.gov.in

1325-PS/26

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

सार्वजनिक सूचना

सूचित किया जाता है कि मेरी अभिभाष्या श्रीमती नीता मंगलानी धर्मपत्नी श्री इन्दरपाल मंगलानी के कब्जे व स्वामित्व के फ्लेट सं0 बी-304 एरिया 869 वर्गफीट, महिमा पेनोरमा टॉवर-बी, ग्राम महल तह0 सांगानेर जि0 जयपुर की थर्ड फ्लोर पर मय कार पार्किंग नं0 – पीए 02 का विक्रय पत्र दिनांक 01.08.2026 ईस्वी को एस.आर. प्रथम जयपुर से श्री पवन कुमार पुत्र श्री सुभाष सिंह,निवासी 110,कुम्हेर गेट,पिच्चर पेलेस के पीछे, भरतपुर राजस्थान-321001 ने साजिश रचते हुये व आपराधिक कृत्यों को अंजाम देते हुये प्रतिफल राशि की अदायगी किये बिना एवं बिना भौतिक कब्जे के मेरी अभिभाष्या से अपने नाम पंजीकृत कराया है जिसके विरूद्ध कानूनी कार्यवाही अमल में लाई जा रही है। जो कि विक्रय पत्र मेरी अभिभाष्या के विधिक हितों एवं अधिकारो के मुकाबले प्रारम्भ से ही शून्य है और जिसके आधार पर उक्त श्री पवन कुमार को कोई अधिकार कानूनन प्राप्त नहीं हुये है। कृपया कोई भी व्यक्ति, बैंक आदि उक्त फ्लेट का किसी भी प्रकार का कोई संव्यवहार उक्त श्री पवन कुमार के साथ नहीं करे अन्यथा ऐसा संव्यवहार गैर कानूनी व प्रारम्भ से ही शून्य होगा तथा इस सूचना का श्री पवन कुमार द्वारा किया जाने वाला खण्डन मिथ्या व भ्रामक होगा। कृपया सूचित रहें।

LAWYER - N.S. "ADITYA SHIVANSH",
RAJ. HIGH COURT, JAIPUR (N.S. "ADITYA SHIVANSH", ASSOCIATE, ADVOCATES & LAW CONSULTANTS) AC-4 GAYATRI SADAN SWAI JAISINGH HIGHWAY, BANIPARK JAIPUR
Mobile No. 9785105424

हैतुक दर्शित करने के लिए सूचना

राजस्थान किराया नियंत्रण अधिनियम 2001 के अध्याय-5 में किराए के पुनरीक्षण एवं बेदखली बाबत प्रार्थना पत्र
न्यायालय-किराया अधिनियम अधिकरण क्रम सं.2
जयपुर महानगर प्रथम (राज.)
दीपमाला शर्मा विरूद्ध नानकराम
अर्जी संख्या 3932/2014

नाम जयकिशन भागवानी, मंजू धर्मपत्नी श्री मोहन, हेमलता धर्मपत्नी श्री दिलीप पुत्र/पुत्री स्व.नानकराम भागवानी
पता-म.नं.ए-1, त्रिवेणी नगर, गोपालपुरा बाईपास, जयपुर
व्यवसायिक पता-शॉप नं.57, जे.के.कोल्ड ड्रिंक, एम.आई.रोड जयपुर

प्रार्थी ने आपके विरुद्ध किराये के पुनरीक्षण/बेदखली के लिए राजस्थान किराया नियंत्रण अधिनियम 2001 के तहत एक अर्जी प्रस्तुत की है जो पंजीयन कर ली गई है। आपको इस न्यायालय में तारीख 16 माह 09 सन् 2026 को 10.00 बजे उक्त अर्जी का उत्तर देने के लिए उपसंजात (हाजिर) होने के लिए सन् चेतावनी दी जाती है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है जिसको सम्यक अनुदेश दिए गए हो और जो इस अर्जी से सम्बन्धित सभी सारवान् प्रश्नों के उत्तर दे सकें या जिसके साथ कोई ऐसा व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके।

आपको यह भी निर्देश दिया जाता है कि आप उक्त दिन या इससे पूर्व 30/45 दिन के भीतर अपनी प्रतिरक्षा का लिखित साक्ष्य नोटिस की तामील होने की तारीख से दाखिल करें और उक्त तारीख पर या तामील होने के 30/45 दिन के भीतर ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है, पेश करें जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या दाखिल/मुजराई को दावा का प्रतिदावा आधारित है। साथ ही यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे व शक्ति में न हो, अपनी प्रतिरक्षा, मुजराई के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हो, आप ऐसे दस्तावेज उल्लिखित समय के मय उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्ट करें।

आपको यह भी निर्देशित किया जाता है कि आप अपने प्रतिरक्षा के और जवाब के साथ उन सभी साक्षीगण के एवं स्वयं का शपथ पत्र प्रस्तुत करें जो अपकी प्रतिरक्षा का समर्थन करते है तथा उन. दस्तावेजों का और उस साक्ष्य का ब्यौरेवार वर्णन शपथ पत्र में किया जावें। साथ ही जिन दस्तावेजों को न्यायालय में प्रदर्शित कराना हो उन पर लाल स्याही से प्रदर्श डालकर प्रस्तुत करें और शपथ पत्र पर ए से बी, सी से डी हस्ताक्षर इत्यादि या लिखावट आदि जिसको भी प्रमाणित कराना है, का उल्लेख भी किया जावें ।

आपको पुनः आगाह किया जाता है कि उक्त नोटिस की तामील होने के 30/45 दिन के भीतर आप अपना प्रतिरक्षा उपरोक्त प्रवास में न्यायालय में अंकित करें या उक्त तारीख पेशी पर प्रस्तुत कर दें। अन्यथा आपकी प्रतिरक्षा राजस्थान किराया नियंत्रण अधिनियम 2001 के तहत समाप्त हो जायेगी।

आपको यह भी आगाह किया जाता है कि तारीख पेशी से पूर्व यदि आप द्वारा प्रतिरक्षा हेतु जवाब अर्जी शपथ पत्र तथा अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किए जाते है तो न्यायालय में प्रस्तुत करने से पूर्व प्रार्थी के अधिवक्ता श्री विनोद कुमार जैन को उक्त प्रतिरक्षा की और जवाब दावा शपथ पत्रों की, दस्तावेजों व अन्य साक्ष्यों की प्रति उपलब्ध करा दें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा।

नोटिस आज दिनांक 7/09/26 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया।

मोहर अदालत

आज्ञा से-रीडर
अपर वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं
अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट क्रम-5
एवं किराया अधिकरण द्वितीय
जयपुर महानगर प्रथम